दिन– शनिवार दिनांक– 25 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न। पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत हुआ मतदान।

02. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों की सियासी किस्मत ईवीएम में सील।

03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार चरम पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों में की चुनावी सभा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप जारी। अधिकतम पारा सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस उपर पहुंचा। अगले दो दिनों में उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में हल्की वर्षा की सम्भावना।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। मतों की गिनती चार जून को होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह अनुमानित आंकड़ा है।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक मतदान पश्चिम चम्पारण में उनसठ दशमलव सात पांच प्रतिशत हुआ है। वहीं, वैशाली में अट्ठावन दशमलव पांच, वाल्मीकिनगर में अट्ठावन दशमलव दो पांच प्रतिशत, पूर्वी चम्पारण में संतावन दशमलव तीन, शिवहर में छप्पन दशमलव तीन, सीवान में बावन दशमलव पांच, महाराजगंज में इक्यावन दशमलव दो सात और गोपालगंज में पचास दशमलव सात प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे चरण के मतदान के बाद राज्य के चालीस में से बत्तीस लोकसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया है। शेष आठ सीटों पर सातवें और अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा।

————————————————————————

छपरा में हाल की हिंसक घटनाओं से सबक लेते हुये महाराजगंज संसदीय सीट के विभिन्न क्षेत्रों में मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। और विस्तार से जानने के लिए चलते हैं, हमारे संवाददाता पवन कुमार सिंह के पास। जी पवन बताये....

———बाईट———

खालिद ................ महाराजगंज संसदीय सीट पर आज कड़ी सुरक्षा के बीच छठे चरण में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विभिन्न वर्ग के मतदाताओं युवा , बुजुर्ग और महिला वोटरों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तेज़ गर्मी के बावजूद सुबह से दोपहर तक मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। छपरा में पांचवे चरण के मतदान के दौरान दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच विवाद और बाद में हिंसक झड़प की घटनाओं से सीख लेते हुए आज एकमा, मांझी, बनियापुर और तरैया क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने महराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया । संसदीय क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र और पिंक बूथ भी बनाये गये थे । ईवीएम को स्ट्रांग रुम पहुचांने का काम किया जा रहा है।
आकाशवाणी समाचार के लिए महाराजगंज से पवन कुमार सिंह।

शुक्रिया इस जानकारी के लिए।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के तहत वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कांटी, मीनापुर, पारु सहित अन्य क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो गया। ताजा जानकारी के लिए चलते है, हमारे संवाददाता कौशल किशोर कौशिक के पास। जी..... क्या जानकारी है–

———बाईट———

मुज़फ़्फ़रपुर जिले के तहत वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कांटी ,मीनापुर, पारु सहित अन्य क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो गया। मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोग बूथों पर कतारबद्ध होकर अपनी बारी की प्रतिक्षा करते दिखे। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती दिखी। छोटी मोटी शिकायतों को तुरंत ही दूर कर लिया गया। खालिद ....आपको ये बता दें कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान विभिन्न बूथों पर निरिक्षण के साथ मतदाताओं से बातचीत कर फीडबैक लेते दिखे। जिससे मतदाताओं ने आश्वस्त होकर अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। शुक्रिया।

———————————————————————————

शिवहर संसदीय क्षेत्र में उमस भरी गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह दिखा। और ज्यादा जानकारी के लिए चलते है हमारे संवाददाता हरिकांत सिंह के पास। हरिकांत बताये कैसा रहा मतदान....

———बाईट———

शिवहर संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्तिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद वोटरों ने उत्साह के साथ मतदान केन्द्रौं पर जाकर वोट डालकर लोकतंत्र के महा पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। खालिद....... खास बात ये रही कि लोकसभा क्षेत्र में सूरज की तपिश ज्यो–ज्यो बढ़ती गयी त्यो–त्यो मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता गया। जिले के अति संवेदनशील 130 मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक वलों की तैनाती की गई थी। सुरक्षा बलों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी दिनभर मतदान केन्द्रों पर

गश्त लगाते दिखे। इस समय अलग अलग स्थानों से मतदान टीम ईवीएम के साथ मुख्यालय स्थित स्ट्रांग रुम पहुंच रही है ।

आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले में दो लोकसभा सीटों वाल्मीकिनगर और पश्चिम चम्पारण सीट पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया। कैसा रहा मतदान जानने के लिए सीधे रूख करते है हमारे संवाददाता आशीष कुमार–

———बाईट–पश्चिम चम्पारण–पीटीसी———

पश्चिम चम्पारण जिले में दो लोकसभा सीटों वाल्मीकिनगर और पश्चिम चम्पारण सीट पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया। सुबह से ही मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोटिंग की। अत्यधिक गर्मी के बावजूद मतदाताओं की कतार छोटी नहीं हो रही थी। महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रही। बेतिया शहर के बूथ नंबर 27 पर एक महिला का वोट किसी और ने गिरा दिया। जिसे लेकर थोड़ी देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। वाल्मिकिनगर लोकसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित कुछ मतदान केन्द्रों पर शाम 4 बजे तक ही मतदान हुआ। खालिद.... आपको ये भी बता दें कि..... दोनो सीटों के कुछ बूथों पर विकास कार्य से वंचित लोगों ने अपने मुद्दो को लेकर मतदान का बहिष्कार भी किया। मैने इस संबंध मे जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया लेकिन उन्होने फोन रिसीव नही किया। वाल्मीकिनगर और पश्चिम चम्पारण लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन और इंडिया महागठबंधन के बीच ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पश्चिम चंपारण से आशीष कुमार

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण संसदीय क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर आज मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। कैसा रहा मतदान जानने के लिए सीधे चलते है हमारे संवाददाता आलोक कुमार के पास.... आलोक बताए आज के मतदान पर मौसम का कितना असर रहा।

———बाईट———

———————————————————————————

गोपालगंज सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक लोकतंत्र के महा पर्व में अपनी हिस्सेदारी निभाई। और ज्यादा जानकारी के लिए रूख करते है हमारे संवाददाता मधेश तिवारी का। मधेश कैसी रही आज की मतदान की तस्वीर.....

———बाईट———

गोपालगंज सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में आज शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्रों बैकुंठपुर, बरौली,गोपालगंज, कुचायकोट, हथुआ और भोरे में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इसके साथ ही जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल समेत कुल 11 प्रत्याशियो का चुनावी भाग्य ईवीएम में सील हो गया। हालांकि गर्मी अधिक होने के कारण दोपहर के बाद मतदाताओं की भीड़ कम देखी गई। कुछ बूथों पर मतदान बहिष्कार की भी मिली। जिसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारी लोगो से मतदान देने की अपील करते दिखे। एहतियात के तौर पर 1 दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया। ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच थावे स्थित डायट सेंटर के बज्रगृह में रखा गया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश तिवारी

————————————————————————————

सीवान जिले के सिवान लोकसभा के कुल छह विधानसभा और महाराजगंज के दो विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग शांतिपूर्ण रही। आईये ताजा जानकारी के लिए सीधे चलते है हमारे संवाददाता आकाश कुमार के पास.....

———बाईट———

खालिद आपको बता दें कि ......... सीवान जिले के सिवान लोकसभा के कुल 6 विधानसभा और महाराजगंज के 2 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग आज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। मतदान केन्द्रो पर सुबह से ही मतदाता लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे थे। कुछ बूथों पर धीमा मतदान की खबर मिली जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया गया । जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता और विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियो की सक्रियता और अपील का भी मतदाताओं को प्रोत्साहित करने में खास रहा । खालिद .........नए मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। पहली बार मतदान करनेवाले मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर काफी प्रसन्न दिखे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

आकाशवाणी समाचार के लिये सीवान से आकाश कुमार

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के बाद राज्य की आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। इस चरण में सबसे अधिक पन्द्रह प्रत्याशी वैशाली संसदीय क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम पांच प्रत्याशी महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है। समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।

————————————————————————————

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है।

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लोगों को गोलबंद करने के लिए चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके लिए संविधान सर्वोपरि है। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के बिक्रम में भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले पिछड़ी जाति का आरक्षण खत्म करने की योजना बना रहे हैं।

———बाईट———

वहीं, काराकाट संसदीय क्षेत्र के डेहरी में एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में एक अन्य चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने लालू प्रसाद और उनके परिवारवाद पर निशाना साधा है। बक्सर के अहिरौली में पार्टी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन विकास के एजेंडे के साथ मजबूत राष्ट्र के निर्माण में लगे हुये हैं।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया कि भाजपा और एनडीए के नेताओं को छह चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन की बढत़ का अंदाजा हो गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री यादव ने कहा कि इसी लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाषा में भी भारी गिरावट आ रही है।

———बाईट———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न। पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत हुआ मतदान।

02. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों की सियासी किस्मत ईवीएम में सील।

03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार चरम पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों में की चुनावी सभा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप जारी। अधिकतम पारा सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस उपर पहुंचा। अगले दो दिनों में उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में हल्की वर्षा की सम्भावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।